| Name | | Roll Number | |
|---|---|---|---|

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## MIDDLE SECTION
## HALF-YEARLY EXAMINATION 2019-20

## HINDI (SECOND LANGUAGE)

Code:MZHN202

CLASS: VIII **ANSWER KEY** Time Allotted: 2 ½ Hrs.

17.09.2019 Max .Marks: 80

**निर्देश :**

* इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड हैं। खंड (क) खंड (ख) और खंड (ग)।
* इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं।
* प्रश्न पत्र में कोई उत्तर न लिखें।
* हर प्रश्न को ध्यान से पढ़कर उसके सही उत्तर दें।

## खण्ड (क) पदय व गदय

प्रश्न Marks

**प्रश्न 1** **निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 1×4=4

(क) **जग में बैरी कोइ नहीं, जो मन सीतल होय। या आपा को डारि दे, दया करै सब कोय।।**

1 कवि के अनुसार मनुष्य का जग में कोई बैरी कब नहीं होता है? **शीतल मन होने पर**

2 कवि के अनुसार मनुष्य को किसका त्याग करना चाहिए? **अहंकार का**

3 'जग' और 'सीतल' शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए। **दुनिया/जगत, ठंडा**

4 यह पंक्ति किस कविता से ली गई है? **कबीर की साखियाँ**

(ख) **"मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था।"** 1×4=4

1 प्रस्तुत वाक्य में 'मैं' सर्वनाम का प्रयोग किसके लिए हुआ है? **लेखक के लिए**

2 वह हर पेड़ को अपना दुश्मन क्यों समझ रहा था? उसे डर लग रहा था कही बस किसी पेड़ से टकरा जाए

3 'पेड़' और 'दुश्मन' शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए। **वृक्ष, शत्रु**

4 यह वाक्य किस पाठ से लिया गया है? इस पाठ के लेखक कौन हैं? **बस की यात्रा, हरिशंकर परसाई**

**प्रश्न 2** **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ हिन्दी में लिखिए।** 1×5=5

1 आलम **दुनिया** 2 उर **हृदय** 3 म्यान **तलवार को रखने का कोष** 4 दुहेली **दुख, दुख में पड़ा हुआ, कष्टसध्य** 5 वंधन **बेड़िया**

**प्रश्न 3** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।** 1×5=5

1 कभी किसी को अपशव्द क्यों नहीं कहना चाहिए?

2 'धूल उड़ाते जहाँ चले' शब्दों का अर्थ लिखिए।

3 बूँद किस रूप में धरती पर घूमती थी?

4 डॉक्टर मित्र ने बस के बारे में क्या कहा?

5 ओस की बूँद लेखक को आपबीती सुनाते हुए किसकी प्रतीक्षा कर रही थी?

**प्रश्न 4 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए। (only 4)** **2×4=8**

1 "ऐसा जैसे सारी बस ही इंजन है और हम इंजन के भीतर बैठे हैं" लेखक को ऐसा क्यों लगा?

2 प्रत्येक नागरिक देश का सिपाही है, कैसे?

3 'मनुवाँ तो दहुँ दिसि फिरै, यह तो सुमरिन नाहिं' के द्वारा कबीर क्या कहना चाहता है?

4 'अकबरी लोटा' शीर्षक कहानी आज के युवाओं के लिए क्या संदेश देती है?

5 ओस की बूँद क्रोध और घृणा से क्यों काँप उठी?

**प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए। (only 3)** **3×3=9**

1 'दीवानों की हस्ती' शीर्षक कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

2 बिलवासी मिश्र की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

3 जल को जीवन की संज्ञा क्यों दी गई है?

4 वर्तमान समय में भी 'कबीर की साखियाँ' कैसे सत्य प्रतीत होती है?

## <u>खण्ड (ख) व्याकरण</u>

**प्रश्न6क) उचित अव्यय शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** 1x4=4

1. हम **<u>प्रतिदिन /रोज़</u>** सैर करने जाते हैं।
2. कमरे **<u>के अंदर /के बाहर</u>** कोई है।
3. **<u>सावधान!</u>** यहाँ जंगली जानवरों का खतरा है।
4. पिताजी ने कहा **<u>कि</u>** आज हम चिड़ियाघर जाएँगे।

**ख) निम्नलिखित अव्यय शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए।** 1x2=2

1. के कारण 2. लेकिन

**प्रश्न7क) निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कीजिए।** ½x4=2

1. पृथिवी **<u>पृथ्वी</u>** 2. किरपा **<u>कृपा</u>** 3. अविषेक **<u>अभिषेक</u>** 4. भारतिय **<u>भारतीय</u>**

**ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए।** 1x2=2

1. हमारी देश तेज़ गति से प्रगति कर रहा है। **<u>हमारा देश तेज़ गति से प्रगति कर रहा है।</u>**
2. हम आपका आदर रखते हैं। **<u>हम आपका आदर करते हैं।</u>**

**प्रश्न 8 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के भेद पहचानकर लिखिए।** 1x3=3

1. भारत के कई राज्यों में भयानक बाढ़ आई हुई है। **<u>अकर्मक</u>**
2. अध्यापक ने सुरेश को बुलवाया। **<u>प्रेरणार्थक</u>**
3. अंशु ने सतीश को अपशब्द कहे। **<u>द्विकर्मक</u>**

**प्रश्न 9 निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द और उपसर्ग को अलग करके लिखिए।** ½x4=2

1. दुर्भाग्य **<u>दुर् भाग्य</u>** 2. सुलेख **<u>सु लेख</u>**

**प्रश्न 10 दिए गए मुहावरों में से उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** 1x2=2

(कफ़न सिर पर बाँधना, बाल-बाल बचना, कान भरना, पीठ दिखाना, नौ दो ग्यारह होना)

1. महाराणा प्रताप की सेना के समक्ष शत्रु सैनिक **पीठ दिखाकर** भाग गए।

2. रमेश रेल दुर्घटना में **बाल-बाल बच** गया।

**प्रश्न 11** **नीचे लिखे शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए।** 1x3=3

1.रूमाल **र्+ऊ+म्+आ+ल्+अ** 2.सौभाग्य **स्+औ+भ्+आ+ग् +य्+अ**

3.श्रमदान **श्+र्+अ+म्+अ+द्+आ+न्+अ**

## खण्ड (ग) रचना

**प्रश्न 12** **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 1x5=5

स्वास्थ्य-रक्षा में स्वच्छता का विशेष महत्त्व है। स्वच्छता तन और मन दोनों की होनी चाहिए।मनुष्य को न केवल अपने तन, वस्त्र और घर की सफ़ाई का ध्यान रखना चाहिए बल्कि गली-मोहल्ले व नगर की स्वच्छता के प्रति भी जागरूक होना चाहिए।प्रदूषित वायु तन-मन तथा मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव डालती है।आसपास का प्रदूषित वातावरण अनेक बीमारियों को जन्म देता है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।हमें अपने पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और पलास्टिक की थैलियों का प्रयोग पूरी तरह से बंद करना होगा।प्रदूषण की समस्या को दूर करने के लिए प्रत्येक नागरिक को सरकार का साथ देना चाहिए। स्वच्छता की ओर हमारा एक छोटा कदम हमारे पर्यावरण के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

**प्रश्न**

1 हमारे आसपास का प्रदूषित वातावरण किसे जन्म देता है? **अनेक बीमारियों को**

*2* मनुष्य को कहाँ की सफ़ाई का ध्यान रखना चाहिए? **तन,वस्त्र,घर, गली-मोहल्ले व नगर की सफ़ाई**

3 स्वास्थ्य-रक्षा में किसका विशेष महत्त्व है? **स्वच्छता का**

4 हम कैसे पर्यावरण को बचा सकते हैं? **अधिक पेड़ लगाकर और पलास्टिक का उपयोग बंद करके**

5 'समाधान' और 'उदासीन' शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश से ढूँढ़कर लिखिए। **समस्या, जागरूक**

**प्रश्न 13** **परीक्षा देने के लिए जाते हुए दो छात्रों के बीच 40-50 शब्दों में संवाद लिखिए।** 5

**या**

**छात्र के प्रतिदिन देर से आने पर अध्यापक और छात्र के बीच 40-50 शब्दों में संवाद लिखिए।**

**प्रश्न 14** **दिए गए चित्र को देखकर उसका वर्णन 35-40 शब्दों में कीजिए।** 5



**प्रश्न 15** **अच्छी संगति का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।** 5

**या**

**ईद की शुभकामनाएँ देते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 16** **किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** 5

1 अनुशासन 2 महिलाओं के बढ़ते कदम 3 शिक्षक दिवस